हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 16 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 09.0 डिग्री

12 पारा गिरा, ठंड ने बढ़ाई लोगों की परेशानी



14 छात्र- छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण





## आक्रोश : गुस्साए परिजनों ने तीन घंटे तक किया सड़क को जाम

# सड़क किनारे खड़े युवक की हाईवा की चपेट में आने से मौत, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में सड़क हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते 14 दिसम्बर शनिवार को कोलिहा मुख्य सड़क मार्ग पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिसके बाद ग्राम मुण्डा में 15 दिसंबर की दोपहर 3 बजे मुख्य सड़क मार्ग में दूसरा सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने मुख्य सड़क मार्ग पर लकड़ी से रास्ता रोककर लगभग 3 घण्टे तक चक्का जाम किया गया। चक्का जाम के दौरान पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गई थी। गुस्साए ग्रामीणों को पुलिस प्रशासन के द्वारा समझाईश दी गई लेकिन ग्रामीण मुआवजा की मांग को डटे रहे। अंत में 3 घण्टे के बाद तहसील प्रशासन की ओर से तत्काल 25 हजार रूपये सहायता राशि के रूप में परिजनों को दिया गया। जिसके बाद चक्काजाम शांत हुआ। लवन पुलिस ने परिजनों एवं ग्रामीणों का पंचनामा लेने के पश्चात शव को कब्जे में लेकर पीएम कराने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया।

- 25 हजार मुआवजा मिलने पर हुए शांत
- चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज और वाहन को किया जब्त

### कोलिहा मुख्य सड़क मार्ग पर ओवरटेक के चक्कर में हुआ हादसा



### वाहन जब्त, पुलिस जांच जारी

प्रदत्त जानकारी के अनुसार आदर्श ग्राम पंचायत मुण्डा के वार्ड क्रमांक 5 निवासी खिलेश वर्मा उम्र 22 वर्ष पिता तेजा वर्मा रोड किनारे पान ठेला के पास खड़ा था। इसी दौरान कसडोल तरफ से आ रही हाईवा वाहन क्रमांक सी.जी. 22 ए.ई 9919 का चालक तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ओवरटेक करने के चक्कर में रोड किनारे खड़े युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे युवक का आधा शरीर कुचल गया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही, वाहन चालक अपनी वाहन को तेजी से चलाते हुए आगे निकल गया था। वाहन चालक वाहन को लाहोद में खड़ाकर फरार हो गया। फिलहाल वाहन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। वही, इस हादसे के बाद गुस्साए मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग में बड़ा–बड़ा लकड़ी को रास्ता में रखकर मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर चक्काजाम शुरू कर दिया। चक्काजाम होने की भनक लगते ही बलौदाबाजार जिले के पुलिस प्रशासन एलर्ट हो गई और तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गई। ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण वाहन मालिक से मुआवजा की मांग को लेकर दोपहर 3 बजे से लेकर शांम 5 बजे तक डटे रहे। अंततः तहसील प्रशासन की ओर से तत्काल सहायता राशि के रूप में 25 हजार रूपये दिया मृतक के परिजनों को दिया गया। साथ ही उन्होंने यह भी भरोसा ▶▶ शेष पेज 12 पर

### पंचानामे के बाद कार्रवाई जारी

ग्राम मुण्डा के मुख्य सड़क मार्ग पर सड़क दुर्घटना हुई है, इस घटना में युवक की मौत हो गई। परिजनों एवं ग्रामीणों के द्वारा सुखी लकड़ी को सड़क पर रखकर सड़क जाम करने की सूचना पर मौके पर पुलिस की टीम पहुंची। परिजनों को सहायता राशि के रूप में तत्काल 25 हजार रूपये दिलवाया गया है। पंचनामा करके आगे की कार्यवाही जारी है।

-केशर पराग बंजारे, थाना प्रभारी

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते 4 पकड़ाए फड से 56 हजार जब्त



**बलौदाबाजार।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना पलारी पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा आदि अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को थाना पलारी पुलिस द्वारा पलारी के खार में मुरूम खदान के पास जुआ खेलते हुए 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें महेंद्र टंडन 28 वर्ष निवासी ग्राम बोईरडीह, सुरजीत साहू 40 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 10 पलारी, संदीप कश्यप 33 वर्ष निवासी ग्राम सैहा थाना पलारी, बलदाऊ मनहरे 59 वर्ष निवासी ग्राम कंजी बलौदाबाजार शामिल हैं। जुआरियों से नकदी 55,900 रूपए एवं 52 पत्ती ताश बरामद किया गया। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना पलारी में छ.ग. जुआ अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।

### एक्सीडेंट में युवक घायल

**महासमुंद।** बीते सितंबर माह में हुए एक्सीडेंट के मामले में पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 15 सितंबर को सुबह लगभग 9 बजे नर्रा निवासी जगदीश निषाद (22 वर्ष) अपना जन्मदिन मनाने पिथौरा के लिए निकला था, तभी लगभग 9:30 बजे जब ग्राम बसुलाडबरी के पास सामने से आ रही वाहन पिकअप क्रमांक- सीजी-06-जीजेड-6083 के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर युवक का एक्सीडेंट कर दिया गया। गंभीर चोट आने के बाद उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया। करीब 30-40 दिनों तक युवक का इलाज चलने के बाद उसके पिता बुधवारू निषाद ने बागबाहरा थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 281,125(बी) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## जिला स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा में नवापारा स्कूल ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग बलौदाबाजार के तत्वावधान में जिला स्तरीय महिला खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनों आउटडोर स्टेडियम में किया गया। जिसमें जूनियर आयु वर्ग में सिमगा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा के खिलाड़ियों ने वॉलीबॉल के फाइनल मैच में पलारी ब्लाक को हराकर बाजी मारी। वही सीनियर आयु वर्ग में कसडोल और सिमगा ब्लॉक के बीच चले फाइनल मैच के कडे संघर्ष में कसडोल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सिमगा ब्लॉक का नेतृत्व कर रहे सेजेस स्कूल सुहेला के खिलाड़ियों को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। वहीं व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलकूदों में पांचो ब्लॉक सिमगा, भाटापारा, बलौदा बाजार, कसडोल और पलारी से लगभग 300 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि 100 मी दौड़ में नवापारा स्कूल की आकांक्षा साहू ने प्रथम स्थान, 400 मीटर दौड़ में तानिया ध्रुव ने दूसरा स्थान प्राप्त कर नवापारा स्कूल व सिमगा ब्लॉक को गौरांवित किया है।

इस उपलब्धि के लिए सिमगा विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस.के.गेंदले, विद्यालय के प्राचार्य गणेशराम घीतकर, व्यायाम शिक्षक गजेंद्र साहू, नोडल अधिकारी हरबंस निषाद, व्यायाम शिक्षिका तिलोत्तमा वर्मा, व्यायाम शिक्षक श्रीधर राव, ग्राम पंचायत नवापारा व खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी है।

### सायकिल सवार को बस ने मारी टक्कर, हुई मौत

**महासमुंद।** सायकल से चंदखुरी जा रहे एक व्यक्ति को बस ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मामला सरायपाली थाने का है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि चंद्रमणि चौहान पिता टेंगनु चौहान (55 वर्ष) लिमऊगुडा 12 दिसंबर को अपने सायकल से चंदखुरी जा रहा था, तभी लिमऊगुडा मोड़ के पास करीब दोपहर 2 बजे पहुंचा था कि ग्राम मुंधा की ओर से आ रही बस क्रमांक सीजी 06 डी 9539 के चालक अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मृतक के सायकल को पीछे से ठोकर कर मारकर एक्सीडेंड कर दिया, जिससे चंद्रमणि चौहान को सीएचसी सरायपाली लाया गया, जहां पर डॉक्टर द्वारा चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## पशु मेले में हुई प्रतियोगिता, 15 चरवाहों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



ग्राम कौवाडीह में शनिवार को विकासखंड स्तरीय पशु प्रदर्शनी एवं मेला का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न ग्रामों से आये हुए कुल 85 पशु पालको एवं ग्रामीण जनों के द्वारा लगभग 300 पशुओं का पंजीयन कराकर पशु प्रदर्शनी में भाग लिया गया। इस. दौरान गौ पूजन एवं पशु पलकों का सम्मान किया। पशु प्रदर्शनी मेले में दुधारू गाय, बैल, भैंस, स्वस्थ बछड़ा , उन्नत संकर बछिया , बकरी–बकरा, मुर्गी– मुर्गा एवं सुकर कुल 8 वर्गों में प्रतियोगिता करायी गयी तथा प्रत्येक वर्गों में क्रमशः प्रथम , द्वितीय , तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर पशु पालकों एवं 15 चरवाहों को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष प्रवीण धुरंधर, पूर्व मण्डी सदस्य सनथ वर्मा,डॉ रश्मि लता राकेश , डॉ रूपेश बघेल , विकास खण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ निर्मल चेलक , डॉ श्वेता बंजारा , डॉ चंदन कुर्रे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## 4 प्रधान आरक्षकों को मिली पदोन्नति, बने एएसआई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस कार्यालय में चार प्रधान आरक्षकों के सहायक उपनिरीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। प्रधान आरक्षक दिनेश कुर्रे, संजय सोनी, मनीष वर्मा एवं दिलीप कुमार टोप्पो सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रधान आरक्षकों के कंधे पर एक स्टार लगाकर एवं कैप पहना कर सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर शुभकामनाएं ▶▶ शेष पेज 12 पर

## जिला स्तरीय पंथी नृत्य स्पर्धा पलारी में 17 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



जिला बलौदाबाजार भाटापारा का अनुसूचित जाति लोक कला महोत्सव वर्ष 2024 का आयोजन पलारी में किया गया है।कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के पारंम्परिक लोक कलाओं , लोक गीतों,नृत्य पंथीध पंडवानी भरथरी पारंम्परिक वाद्य यंत्रें में निपुण प्रतिभाओं को पहचानना एवं उन्हें प्रोत्साहित करना है इसी कड़ी में पलारी सतनाम भवन में जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता 17 दिसंबर को आयोजित की गई हैं , भाग लेने वाले टीमों में से प्रथम एवं द्वतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीमों का चयन राज्य स्तर हेतु किया जावेगा जिला स्तरीय में भाग लेने वाले सभी टीमों को सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा । राज्य स्तर में प्रथम आने वाले दल को 1 लाख द्वितीय आने वाले दल को 75 हजार एवं तृतीय आने वाले दल को 50 हजार रूपये तथा प्रशस्ती पत्र से सम्मानित किया जावेगा । राज्य के अन्तर्गत समस्त जिलों में जिलास्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है,इसी कड़ी में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला बलौदाबाजार–भाटापारा के सतनाम भवन पलारी में 17 दिसम्बर 2024 को होगा । जिसमें शामिल होने हेतु कलाकार सादर आमंत्रित हैं।

### हरिनभट्ठा में घासीदास जयंती पर दो दिनी कार्यक्रम 17 से

**सिमगा।** संत बाबा गुरु घासीदास की जयंती के उपलक्ष्य में सिमगा ब्लॉक के ग्राम हरिनभट्ठा में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम को लेकर सतनामी समाज हरिनभट्ठा द्वारा तैयारी जोरों पर की जा रही है।सामाजिक कार्यकर्ता मनोज टोंडे ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि 17 दिसंबर को रात्रि 10 बजे प्रेम आनंद चौहान का कार्यक्रम होगा वहीं 18 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास जयंती पर नगर से भव्य शोभायात्र निकाली जाएगी, जो सतनाम भवन और शहर के मुख्य मागोंर् से होते हुए ग्राम हरिनभट्ठा स्थित सतनाम भवन पर समापन करेगी। तत्पश्चात रात्रि 10 बजे कवर्धा के कलाकार दानी वर्मा का रात्रि कार्यक्रम होगा। उन्होंने समाज के सभी लोगों एवं ग्रामीणों से जयंती को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468



# पारा गिरा, ठंड ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष मौसम में अचानक पारा तेजी से गिरने लगा है। तापमान में 10 डिग्री तक गिर जाने से लोग चौराहों पर अलाव जलाकर ठंड से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। शीत लहर जैसी स्थिति शुरू होने से गर्म कपड़ों के व्यापार में तेजी आने से कपड़ा व्यवसायियों के चेहरे खिले हुए हैं। दीपावली बीतने के बाद अक्सर मौसम में ठंडक आना शुरू हो जाता है। मगर दिसंबर के आधा माह बीत जाने के बाद भी विशेष ठंड नही पड़ने से गर्म कपड़ों का स्टॉक रखा हुआ था। किंतु सप्ताह भर से अच्छी ठंड पड़ने से चिल्हर दुकानों में गर्म कपड़ों की ग्राहकी में तेजी आई है। वहीं थोक दुकानदारों ने भी राहत महसूस करने की बात करते हुए कहा है कि उनका 80 प्रतिशत गर्म कपड़ा बिक चुका है। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक में गीजर और इमर्शन रॉड की बिक्री में भी खासी तेजी देखी जा रही है।

- ठंड से राहत पाने तरह-तरह की जुगत लगा रहे लोग
- जलने लगे अलाव

### बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह

वहीं, मौसम में अचानक बदलाव के मद्देनजर डॉक्टरों द्वारा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दे रहे हैं। सामान्य उम्र के लोगों में ही सर्दी खांसी और हल्का बुखार आने की शिकायत तो आ ही रही है। किंतु बुजुर्गों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी के कारण स्वास्थ्य में स्थिरता की आवश्यकता है। पुराने जमाने में ठंड में अलाव जलाकर आसपास का वातावरण सामान्य किया जाता था। पर अब बाजार में कई तरह के रूप हीटर भी उपलब्ध है। इनके उपयोग से बुजुर्गों को स्थित तापमान व माहौल प्रदान किया जा सकता है। इसी तरह नवजात शिशुओं को भी कफ की समस्या से बचने के लिए गर्म कपड़ों के उपयोग कर सुरक्षित रखने की जरूरत है।



## खबर संक्षेप



### कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का समापन, 260 का पंजीयन

**रायपुर।** मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल द्वारा समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन भवन में तीन दिवसीय आयोजित निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का समापन शनिवार को किया गया। यह शिविर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से लगाया गया था। इस शिविर में अभी तक 260 लोगों ने अपना पंजीयन कराया, जहां पर हाथ, पैर, कैलिपर्स, बैसाखी एवं कान की मशीन निशुल्क मरीज को पंजीयन कराकर उनकी जांच कर उन्हें निशुल्क कृत्रिम अंग का प्रत्यारोपण किया जाता है। इस कार्यक्रम में समाजसेवी बसंत अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम में सियाराम अग्रवाल, अमर पारवानी, अमर बंसल, कन्हैया अग्रवाल, मंच के सदस्य एवं सभी अतिथि उपस्थित रहे।

### धान खरीदी पर पूर्व मंत्री कंवर ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**रायपुर।** पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को पत्र लिख कर राइस मिलरों के बकाया का जिक्र करते हुए भुगतान की मांग की है। उन्होंने समितियों में जमा धान के उठाव के लिए शासन और राइस मिलरों के बीच सामंजस्य स्थापित करने की मांग की है, जिससे किसानों में पनप रहे आक्रोश का असर नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में देखने को न मिले।

### साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन 4 जनवरी से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कबीरपंथी साहू समाज द्वारा दो दिवसीय 4 और 5 जनवरी को 14वां वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही युवक-युवती परिचय सम्मेलन और परिचय पुष्प का विमोचन कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम विधानसभा भवन के पास ग्राम बरौदा में सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया लाल साहू, महासचिव संतोष साहू व केंद्रीय मीडिया प्रभारी प्रेमनारायण चौधरी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार को सुबह 9 बजे ग्रामवासियों तथा अतिथियों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। तथा द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ अतिथि स्वागत एवं पदाधिकारियों का उद्बोधन, अतिथियों के स्वागत के साथ सामाजिक परिचर्चा, युवा सम्मेलन, प्रबुद्धजनों का सम्मान, समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान के साथ रात्रि 8 बजे से संगीतमय भजन का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को प्रदेश से आए हुए समस्त क़बीरपंथी समाज के अतिथियों व संतजनों का पुष्पहार से स्वागत तथा पदाधिकारियों द्वारा उद्बोधन तथा समस्त ग्रामीण अंचलों से आए हुए भजन मंडलियों द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में बाहर से आए हुए समस्त हंसजनों व स्वजातीय बंधुओं के लिए नाश्ता, दोपहर व रात का भोजन तथा ठहरने के लिए व्यवस्था ग्राम बरौदा कार्यक्रम आयोजन समिति द्वारा की जाएगी।

### सेमी 60 रुपए, फूल गोभी 30 रुपए और बरबट्टी 50 रुपए किलो बिक रही

# मंडी में लोकल आवक बढ़ने से सब्जियों के दाम हुए कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



स्थानीय सब्जी मंडी में लोकल हरी सब्जियों कि आवक बढ़ गई है। जिसके कारण गत कुछ दिनों से हरी सब्जियों के दाम कम हुए हैं। लहसून, प्याज तथा आलू के दामों में तेजी का रूख बना हुआ है। थोक सब्जी मंडी में रोजाना 200 से अधिक मध्यम व भारी माल वाहक वाहनों से सब्जी पहुंचने की जानकारी देते हुए बताया गया है कि नगर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जी उत्पादक फार्म हाउस के अलावा किसानों द्वारा सब्जी बाड़ी में लगी फसल आ रही है।

**हरी सब्जियों की आवक बढ़ी:** इन दिनों पड़ रही कड़ाके की ठंड में हरी ताजी सब्जियों की मांग अधिक होने के बावजूद मंडी में दामों में गिरावट आई है। नगर के फूटकर सब्जी मंडी में इन दिनो सेमी 60 रुपए, फूल गोभी 30 रुपए, बरबट्टी 50 रू, गाजर 40 रू, टमाटर 20 रू, चुकंदर 40 रू, शिमला मिर्ची 40 रू, धनिया 70 रू, मिर्ची 40 रू, भिंडी 50 रू, कद्दू 20 रू, लौकी 20 रू, बंदगोभी 30 रू, नवलगोल 50 रू, बैगन, 30 रू, पालक 30 रू, मेथी 40 रू, मूली 20 रू, धनिया पत्ती 40 रू, खीरा 40 रू, तिवरा भाजी 80 रू, प्याज भाजी 80रू, लाल भाजी 20, पालक 30 रू, परवल 50 रू, करेला 50 रू, अदरक 60 रू, प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा है।

**लहसून व प्याज में तेजी का रूख कायम:** हरी सब्जियों के दाम में गिरावट आने के बावजूद अच्छी मांग के चलते आलू के दाम कम नहीं हो रहे हैं। जबकि बाजार में आलू की नई फसल भी आ चुकी है। वर्तमान समय में आलू फुटकर में 40 रुपए किला के हिसाब से बिक रहा है। दाम में तेजी आने के साथ प्याज 50 रुपए तथा लहसून 400 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा है।

# डॉक्टरों और स्टाफ का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



सेवा सुगंधम संस्थान रायपुर द्वारा निरंतर 1993 से सामाजिक, धार्मिक एवं विभिन्न संगठन द्वारा किए जा रहे अतुलनीय एवं अपने नगर राज्य के प्रति समर्पित होकर जनहित के कार्यों को करने वाले समूहों एवं व्यक्तियों का निरंतर सम्मान समिति के संस्थापक टिकेंद्र उपाध्याय करते आ रहे हैं। नगर के आडिल हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सक डॉ. विकास आडिल, डॉ. विक्रम आडिल, डॉ. कृष्ण कुमार आडिल, डॉ. चंद्रकांत आडिल, डॉ. मेघा आडिल, डॉ. पूनम आडिल सहित स्टाफ के लोगों का सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति रायपुर द्वारा सतत सेवारत सम्मान समारोह 2024 प्रमाण पत्र एवं भेंट प्रदान कर उनके द्वारा किए गए कार्यों को विशेष अलंकृत कर सम्मान किया। निरंतर समाज देश नगर के लिए इसी तरह से कार्य करते रहने के लिए उत्साहित किया गया।सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति रायपुर द्वारा 20 दिसंबर को एक गरीब कन्या का विवाह का कार्यक्रम आयोजित कर रही है। अपने कार्यों के साथ समाज में सामाजिक भागीदारी सेवा सुगंधम समिति निभा रही है।

### सम्मान से होता है उत्साहवर्धन: विकास

डॉ. विकास आडिल मुख्य चिकित्सक ने कहा कि डॉक्टरों के लिए बहुत कम समय ही आता है जब उनका उत्साहवर्धन किया जाता है, हमेशा नकारात्मक भावनाओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन कुछ पल सम्मान के जो मिलते हैं वह हमें उत्साहित करते हैं की निरंतर अपने कर्तव्य जिम्मेदारी को निभाते हुए समाज के लिए कार्य करते रहें।

## बढ़ते अपराध को लेकर महिला कांग्रेस का मौन धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर महिला कांग्रेस ने प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किया। एक तरफ भाजपा सरकार जनादेश पर्व मना रही है, वहीं जनादेश को भाजपा सरकार ने अपमानित करते हुए पूरे प्रदेश को अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का अड्डा बना रखा है।

जिलों में हत्या, बलात्कार, बलवा और आगजनी के मामले आते ही जा रहे हैं और भाजपा सरकार इसे अपनी उपलब्धि मानकर जश्न मना रही है। छत्तीसगढ़ की साय सरकार की असफलता के एक वर्ष पूर्ण होने पर आज महिला कांग्रेस ने प्रदेशभर में आंदोलन किया। भाजपा ने जनता के साथ जो वादे किए थे, उस पर छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ बन गया, महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, बलौदाबाजार, कवर्धा, सूरजपुर, इसके उदाहरण हैं, चाकूबाजी, मर्डर, दुष्कर्म, सामूहिक, लूटपाट, डाका, आम घटनाएं हो गई हैं। महिलायें प्रदेश में असुरक्षित हैं। इन आरोपों के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की विफलताओं को आईना दिखाते मौन धरना प्रदर्शन किया गया।

## तीन साल की पढ़ाई में दो वर्ष का अध्ययन अवकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीन साल की एमडी-एमएस, एमसीएच,डीएम की पढ़ाई के लिए शासन द्वारा सेवारत स्नातक अभियार्थियों को दो साल का अध्ययन अवकाश स्वीकृत किए जाने के मामले में डाक्टरों ने विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह से मुलाकात की है। हवाला दिया गया है कि एक साल के अवैतनिक अवकाश के दौरान उन्हें आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता है। जबकि मध्यप्रदेश ओडिशा द्वारा उच्च अध्ययन के लिए तीन साल का अवकाश दिया जाता है।जूनियर डाक्टर फेडरेशन ने रमन सिंह से मुलाकात कर उन्हें तर्क दिया है कि विभिन्न अस्पतालों में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी पीजी की पढ़ाई पूरी होने के बाद अनुबंध अवधि की ड्युटी पूरी करते हैं। इसके बाद भी उन्हें दो साल का अध्ययन अवकाश स्वीकृत किया जाता है और एक वर्ष को असाधारण अवकाश माना जाता है। तर्क दिया गया है कि एक वर्ष अवैतनिक अवकाश के दौरान उन्हें आर्थिक समस्या से जूझना पड़ता है। अन्य राज्यों में चिकित्सा विशेषज्ञ की पढ़ाई के लिए तीन साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता है। उन्हें यह भी बताया गया कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अनुमोदन के बाद भी विभागीय फाइल वित्त विभाग के पास अटकी हुई है।ॉ

### चैंबर कार्यकारिणी समिति की बैठक 17 को, श्रीचंद ने बैठक पर जताया ऐतराज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्य समिति की बैठक 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे बांबे मार्केट स्थित चैंबर सभाभवन में आयोजित की गई है। चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने बैठक में प्रदेश के सभी कार्यकारिणी सदस्यों को आमंत्रित किया है। वहीं पूर्व चैंबर अध्यक्ष और विधायक रहे श्रीचंद सुंदरानी ने बैठक को असंवैधानिक करार देते हुए कहा है, बैठक को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए। इस पर चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने दो टूक शब्दों में कहा है कि हम व्यापारी हित में एवं संस्था के उद्देश्यों के अनुरूप संविधान के अनुसार ही कार्य कर रहे हैं। चैंबर कार्यकारिणी समिति की बैठक के संबंध में कार्यकारिणी के सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होने की अपील चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने की है।

### नवशरण बने बस विभाग के अखिल भारतीय प्रभारी

**रायपुर।** बस एवं कार ऑपरेटर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा विगत दिनों मुंबई में चुनाव हुआ, जिसमें बस ऑनर्स फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सदस्य नवशरण सिंह गरचा स्कूल बस विभाग का अखिल भारतीय प्रभारी सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए हैं। श्री गरचा को स्कूल बस विभाग का अखिल भारतीय प्रभारी बनाने पर बस ऑनर्स फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सदस्य सूर्यकांत शुक्ल, अनुराग शुक्ला, मो. शहाबुद्दीन, मो. हसन खान, गणेश गुप्ता, शकील अहमद सिद्दीकी, राजेश देवांगन, विनोद मिश्रा, गुरमीत सिंह शंभू, अजय सिंह गिल, नवप्रीत सिंह गरचा, शैलेंद्र सिंह भदोरिया, हषवर्धन गुप्ता, मनीष जैन, ललित विश्वकर्मा आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

## पेज 11 के शेष

### वाहन जब्त, पुलिस ...

दिलाया गया कि दुर्घटना करने वाले वाहन चालक के खिलाफ एफ.आई.आर दर्ज की जाएगी। वाहन को जप्त कर लिया गया है कहकर भरोसा दिलाने के उपरांत परिजनों का गुस्सा शांत हुआ और चक्काजाम को समाप्त किया गया। वही एक अन्य घटना 14 दिसम्बर की रात्रि हुई। जिसमें भी बड़ी वाहन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जिससे संबंध में भी पुलिस की विवेचना जारी है।


### चार प्रधान आरक्षक...

दी गई। वर्तमान में सहायक उप निरीक्षक दिनेश कुर्रे रक्षित केन्द्र, संजय सोनी थाना भाटापारा ग्रामीण, मनीष वर्मा रक्षित केन्द्र एवं दिलीप कुमार टोप्पो थाना भाटापारा शहर में पदस्थ है। इस दौरान कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक यातायात, एसडीओपी भाटापारा एवं समस्त पदोन्नत सहायक उप निरीक्षकों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।









हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 23वें
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई ...
एवं शुभकामनाएं...

श्री रायपुर सीमेंट प्लांट
(श्री सीमेंट लिमिटेड की ईकाई)




ग्राम- खपराडीह, तहसील- सुहेला
जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

स्थापना दिवस



की हार्दिक शुभकामनाएँ

एक प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान

मंगलम विलास
भाटापारा रोड, बलौदाबाजार
RERA NO. - PCGRERA271021001290

हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 23वें
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई ...
एवं शुभकामनाएं...

आज ही बुक करें
अपना विला

Bank Finance Available From Leading Financial Institutions
90% फायनेंस सुविधा उपलब्ध

सिर्फ 2 लाख रू. देकर
90% फायनेंस सुविधा का लाभ उठावें



- किफायती बजट
- शानदार सुविधाएं

Office Address - Hotel Park Plaza, Garden Chowk, Baloda Bazar (C.G.), Mo. 9039510000, 9826612100

प्रस्तुति : पुरूषोत्तम नत्थानी, ब्यूरो प्रमुख हरिभूमि कार्यालय बलौदाबाजार, मो. 8224035555

**खबर संक्षेप**

### घर से 50 हजार रुपए की चोरी

**महासमुंद।** सांकरा के एक घर से 50 हजार रुपए चोरी हो गई। पुलिस को सुभाष चंद्र कोटक पिता मोतीलाल कोटक (54 वर्ष) श्याम नगर सांकरा का निवासी ने बताया कि 14 दिसंबर को करीब 12 से 1 बजे बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे लगभग 50000 हजार रुपए को चोरी कर लिया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303, 331(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### गाड़ाघाट में नवीन उचित मूल्य दुकान का शुभारंभ

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड नं 15 गाड़ाघाट में वार्डवासियों की मांग पर नवीन उचित मूल्य दुकान की शुरुआत हुई। बता दें कि गाड़ाघाटवासियों को राशन लेने के लिए 2 किलोमीटर दूर नगर के वार्ड नं 1 उचित मूल्य दुकान सोसायटी जाना पड़ता था। वार्ड नं 15 में आदिवासी समुदाय की बहुलता है। लोगों को राशन लाने बहुत परेशानी होती थी। इस समस्या को देखते हुए सबसे पहले वार्ड नं 15 में नवीन भवन निर्माण कराया गया। जहां उचित मूल्य दुकान संचालित किया जा सके। आंगनबाड़ी के पास ही नवीन उचित मूल्य दुकान सोसाइटी का जनप्रतिनिधियों ने रिबन काट कर शुरुआत की। गाड़ाघाट के लोगों की सुविधा के लिए बस स्टॉप के लिए भी भूमिपूजन किया गया। नगर के वार्ड 12, 13 एवं 14 भाठापारा में भी शीघ्र ही नवीन उचित मूल्य दुकान सोसाइटी खोलने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यादव, पोषण निर्मलकर, गंगा निषाद, मानसिंग ध्रुव, चैनुराम साहू, द्रोणाचार्य साहू, चौमा, पुष्कर यादव, गैंदराम यादव, भरत निर्मलकर, भगवत साहू, देवचरण साहू, मोहन ध्रुव, भुवन ध्रुव, कृष्ण कुमार चंद्राकर, रघु ध्रुव आदि मौजूद रहे।

### विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में शासन के निर्देश पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन स्व मोहन लाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 16 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से शाम 2 बजे तक किया जाएगा। जहां पर डॉ कुणाल नायक शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा बच्चों का जांच, डॉक्टर स्मृति चौधरी डेंटिस्ट द्वारा दांत रोग की विशेष जांच के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के हेल्थ टीम द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीयन, बीपी, शुगर, सिकल सेल, एचआईवी जांच, कुष्ठ रोग व हीमोग्लोबिन की जांच तथा टीबी स्क्रीनिंग नेत्र परीक्षण व सामान्य जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगा। स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से उपरोक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# जिला स्तरीय कबड्डी, बैडमिंटन और वालीबॉल स्पर्धा 14-15 जनवरी को

## जिला प्रशासन एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन का संयुक्त आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला प्रशासन बलौदाबाजार भाटापारा एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन बलौदाबाजार के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 14 एवं 15 जनवरी को जिला स्तरीय कब्बड्डी, बैडमिंटन एवं वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। जिसकी प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी गई है।इस सिलसिले में श्री सोनी ने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए है।जिला कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार सभी विकासखण्डों में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 01 से 07 जनवरी, 2025 के मध्य कराया जाएगा। साथ ही चयनित टीम उक्त प्रतियोगिता में प्रवेश लेंगे। प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025 होगी। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता निम्नलिखित स्तरो पर आयोजित की जावेगी जिसमें वालीबॉल में कैटगरी अंडर 19 ओपन बीएस ओपन जीएस टीम सूची 12 जनवरी 2025 मैच डेट 15 जनवरी मैच डेट 16 जनवरी संपर्क सूत्र बीपी बाघमार,आलोक मिश्रा, वीरेंद पटेल से कर सकते है। इसी तरह जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता अंडर बॉयस 13,अंडर बॉयस 15, अंडर 17 खिलाड़ियों की सूची प्रकाशन 12 जनवरी मैच डेट 15 जनवरी एवं 16 जनवरी संपर्क सूत्र अमित कुमार अग्रवाल, बलराम साहू, सागर सक्सेना में कर सकते हैं।



### पुरस्कार वितरण 26 जनवरी को

जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता कैटगरी अंडर प्रतिभागी सूची जारी 12 जनवरी 2025, मैच डेट 15 जनवरी,मैच 16 जनवरी,संपर्क सूत्र शिव कुमार बांधे संतोष ध्रुव से सम्पर्क कर सकते है। पुरस्कार वितरण 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मुख्य मंच समारोह में वितरण किया जाएगा। खेलों के पंजीयन सम्बन्धित क्यूं आर कोड जल्द ही अलग से जारी किया जाएगा।

**समस्या :** शिकायत के बाद भी मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा

# गिरसा-बेलाडूला मार्ग जर्जर, राहगीर झेल रहे मुसीबत, धान परिवहन संकट में किसान परेशान


## जिला और प्रदेश को जोड़ने वाली इस सड़क पर भारी वाहनों का भी होता है आवागमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

वर्षों पूर्व गिरसा से बेलाडूला प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण करवाया गया था। लेकिन विभाग की लापरवाही व उदासीनता के कारण सड़क पूरी तरह से टूट कर गड्ढे हो गए हैं। जिसमे आवागमन करने वाले राहगीरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि यह सड़क अन्य जिला एवं अन्य प्रदेश को जोड़ती है। इसमे चार पहिए वाहन एवं दो पहिए वाहन का बहुत दबाव है। इसमें पैदल चलने वाले बहुत मुश्किल से चलते है। आजकल धूल से परेशान एवं बरसात के दिनों में किचड़ से परेशान रहते हैं। उक्त सड़क मे गिरसा एवं दुरूग हाई स्कूल संचालित होती है एवं धान उपार्जन केन्द्र बेलाडूला, दुरूग है। यहाँ शासन धान खरीदी कर रही है। लेकिन सड़क खराब होने के कारण टरक पहुँचना मुश्किल हो गया है। जिसके कारण उपार्जन केन्द्र मे धान जाम पड़ा हुआ है। उक्त धान उपार्जन केन्द्र के प्रभारियों ने बताया कि कुछ दिनों बाद धान खरीदी के कार्य को बंद करना पड़ेगा। क्योंकि धान के उठाव नही होने के कारण उपार्जन केन्द्र मे जगह की कमी पड़ जायेगी।

### सड़क का कोई मां-बाप नहीं

श्रीमती अगहन बाई महिलाने ग्राम दुरूग निवासी ने चर्चा के दौरान बतलाई कि गिरसा से दुरूग सड़क पूरी तरह से खराब हो चुकी है। इस सड़क के कोई माई–बाप नही है। न इस सड़क के प्रति शासन–प्रशासन के प्रति कोई ध्यान नही है। हम अनेकों बार शासन–प्रशासन को अवगत करा चुके हैं। फिर न तो सड़क की मरम्मत करवाया जा रहा है न कि सड़क के नया निर्माण करवाया जा रहा है। हम लोग थक गये अब समझ नहीं आ रहा है। अब किसके पास जाने पर सड़क की मरम्मत होगी, सड़क का निर्माण होगा।



### हड़ताल से टोकन का काम अटका

क्षेत्र के धान उपार्जन केन्द्र प्रभारीयों ने चर्चा के दौरान बतलाया कि कम्प्यूटर अपरेटर के अनिश्चित कालीन हड़ताल मे चले जाने पर कार्य मे अवरूद्ध हो रहा जो टोकन कटा है। उसी धान को खरीद रहे है। नया टोकन काटने के कार्य नही हो रहा है। जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। आगे चर्चा के दौरान बतलाया कि मिलर्स वाले 50 नग जूट बोरी को एक गड्डी बनाया है। लेकिन उसमे का 25 बोरी पूरा फटा हुआ है। जो उपयोग करने लायक नही है। जिसके भूगतना को किसान भूगत रहे है। मिली जानकारी नुसार पता चला कि अधिकांश धान उपार्जन केन्द्र मे धान उठाव नही होने के कारण धान जाम पड़ा हुआ है। जगह के आभाव मे धान खरीदी करना बंद होने की सम्भावना है

# छात्र- छात्राओं ने निकाली एड्स और नशामुक्ति जागरुकता रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर में संचालित पीएमश्री आत्मानंद स्कूल द्वारा शनिवार को नशामुक्त और एड्स जागरुकता अभियान रैली निकाली गई। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा छठवीं से लेकर बारहवीं तक छात्र- छात्राओं ने विभिन्न प्रकार से नशामुक्ति और एड्स जागरूकता पर आधारित स्लोगन, पेंटिंग, पोस्टर बनाकर लाए और नारा लगाते हुए नशामुक्ति, एड्स जागरुकता रैली व्यवहार न्यायालय, जनपद पंचायत से होते हुए गुरु घासीदास चौक तक निकाली गई। नशामुक्ति हेतु शपथ लिया गया। जिसमे छात्र छात्राओं ,समस्त स्टाफ, एस एम डी सी सदस्य बसंत श्रीवास के साथ साथ नगर पंचायत कसडोल के प्रमुख नागरिकों के साथ साथ आसपास के ग्रामों से आए हुए ग्रामीण भी सम्मिलित होकर इस कार्यक्रम में भाग लिया और नशामुक्ति की शपथ ली। इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में मुख्य रूप से पीएमश्री स्कूल कसडोल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा और समस्त शिक्षकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

■ पीएमश्री आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने पोस्टर, नारेबाजी व स्लोगन से फैलाई जागरुकता

# छात्र- छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सारागांव स्थित एबीसी पब्लिक स्कूल के शिक्षकों के तत्वाधान में छात्र छात्रओं को पुरखौती को मुक्तआंगन, एवं बाजारी माता मंदिर का शैक्षिक भ्रमण कराया गया, छात्र छात्रओं ने छत्तीसगढ़ कि कला और संस्कृति को भली भाँति समझाने के लिए शिक्षकों ने टूरिस्ट गाइड की तरह अमर शहीदों के साथ छत्तीसगढ़ के बस्तर के विभिन्न पहलुओं को समझाया। सभी बच्चे बहुत ही उत्साह पूर्वक मुक्तआंगन का भ्रमण किए। नर्सरी से क्लास दूसरी तक के बच्चों को बंजारी माता का दर्शन कराया गया और क्लास तीसरी से पाँचवी तक बच्चों ने नया रायपुर पुरखौती मुक्तआँगन को देखा और अपनी संस्कृति से रबरु हुए।

# सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**महासमुंद।** सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत मामले की जांच के बाद तुमगांव पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 1 दिसंबर को मृतक भांवर सिंह यादव पिता डेरहा राम यादव (65 वर्ष) जोबा अपने घर से अपने भैंसों को गांव के तालाब में धोने के लिए ले जा रहा था। करीब 5.40 बजे भोरिंग, समोदा रोड स्थित लिलेश्वर यादव के घर के सामने पहुंचने पर वाहन क्रमांक सीजी 04 एलएल 8659 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया । एक्सीडेंट से मौके पर ही दोनों भैंसों की मौत हो गई और भांवर सिंह यादव के सिर, दाहिने कंधे तथा दोनों पैर घुटने में चोट लगी। जिसे इलाज हेतु जिला अस्पताल महासमुद ले जाया गया, डॉक्टर द्वारा चेक करने पर उसकी मौत होना बताया । मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तत अपराध दर्ज किया गया है।

# शिव महापुराण की कथा में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग की आध्यात्मिक विवेचना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



शनि बजरंग शिव शक्ति मंदिर रायपुर में हो रहे शिव महापुराण की कथा में श्रोताओं ने बड़े आनंद से कथा का रस लिया ।

11 दिसंबर से 16 दिसंबर तक यह शिवपुराण महाकथा आयोजित है ।कथा वाचक पंडित गिरीश शर्मा छत्तीसगढ़ वाले ने शिव पार्वती की कथा को श्रवण कराए ।कथा में पंडित गिरीश शर्मा ने कहा कि उमा महेश्वर स्वयं जगत पिता और जगत माता है ।

इनके गुण और रूपो की बराबरी ब्रम्हांड के न कोई देवी देवता कर सकते है और न ही संसार के कोई नर नारी ।लौकिक आनंद दिलाने के लिए उस जगत पिता ने निर्गुण निरंजन हो करके भी सगुण रूप का दर्शन विवाह के माध्यम से दिखाया । हिमाचल राज की पुत्री बनकर जगत माता पार्वती कहलाई । अजन्मा शिव ने उनसे विवाह कर लोक रीती और श्रुति धर्म का दिग्दर्शन कराया। स्वयं प्रकृति देवी रूपा स्त्री बनकर और स्वयंभू महेश्वर परम पुरुष बनकर संसार के लिए पति पत्नी का विवाह धर्म रूप दिखाए । इस तरह इस धर्म रस्मों में यज्ञ आयोजन कर्ता शनि बजरंग शिव शक्ति मंदिर रायपुर दान का धर्म पूरा किए। और दाईज स्वरूप स्वर्ण ,वस्त्र, बरतन,रुपए, अन्न,आदि शिव चरणों में भेट किए। इस अवसर पर उपस्थित शिव भक्तों ने झांकी दर्शन का लाभ उठाते हुए विभिन्न भेट की वस्तुएं शिव महापुराण में अर्पण किए ।

# अनिल को प्रदेश साहू संघ का उपाध्यक्ष बनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

प्रदेश साहू संघ कार्यालय भामाशाह में संभागीय युवा प्रकोष्ठ का बैठक संपन्न हुआ जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुआ पूर्व में मनोनीत पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया अनिल साहू को पूर्व में मिले सामाजिक दायित्वों का समाज के प्रति उनके समर्पण, कर्मठता , निष्ठा एवं जागरूकता को देखते हुए रायपुर संभाग के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रफुल्ल साहू ने उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रदान की है स गौरतलब हो की अनिल सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहते हुए समाज की आवाज को उठाते रहते है स इनके इसी समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उपाध्यक्ष बनाया गया है स साथ ही समाज के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं स बधाई देने वालों में रायपुर संभाग के अध्यक्ष प्रफुल्ल साहू , कार्यकरणीय अध्यक्ष दिवाकर साहू , कोषाध्यक्ष नीलूराम साहू , उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू , यशवंत साहू , युवराज साहू , राजीव साहू , आर्यन साहू , संगठन सचिव मनोज साहू , दिलीप साहू , डिगेश साहू , राजू साहू , यशवंत साहू शामिल हैं।


एजेन्सी देना है...

हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट में एजेंसी देना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास
मो. 8319154342

हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411



# कड़कड़ाती ठंड में अलाव का सहारा...



**बंगोली।** विगत हफ्ते से कंपकंपाती ठंड पड़ रही है जिससे बचने हेतू मूरा गॉव के लोगों ने जगह जगह लकड़ी जलाकर अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचने हेतू देशी जुगाड़ किया है।

# मनोरमा इंडस्ट्री को 50 हजार का जुर्माना

**महासमुंद।** नेशनल लोक अदालत में कारखाना निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रकरण अधिवक्ता जितेंद्र कुमार साहू के अनुसार-बिरकोनी स्थित मनोरमा इंडस्ट्रीज में कार्यरत श्रमिक योगेंद्र कुमार साहू का ड्यूटी के दौरान 8 अगस्त को बाएं पैर में चोट आने के कारण हड्डी फ्रैक्चर हो गया। कंपनी ने तुरंत अस्पताल में इलाज कराया। इसी प्रकार हीरालाल साहू हेल्पर श्रमिक का दुर्घटना में में चोट आने पर कारखाना निरीक्षक द्वारा श्रम न्यायालय में मनोरमा इंडस्ट्रीज के विरूद्ध प्रकरण पेश किया। नेशनल लोक अदालत के पीठासीन अधिकारी विशेष न्यायाधीश संघ पुष्पा भतप्रहरी द्वारा उक्त दोनों प्रकरण में मनोरमा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के विरूद्ध 50 हजार रुपए जुर्माना कर प्रकरण का निराकरण किया गया।


रामेश्वरम धाम यात्रा

तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी

यात्रा दिनांक
22 दिसंबर 2024
12 जनवरी 2025
19 जनवरी 2025
16 फरवरी 2025
13 मार्च 2025
13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा

राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-

स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)


# पंजीयन दफ्तर के कर्मी आज सामूहिक अवकाश पर, नहीं होगी रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में आज जमीनों की खरीद फरोख्त का पंजीयन नहीं होगा। पंजीयन विभाग के उप पंजीयक प्रतीक खेमुका के निलम्बन को वापस लेने और निलंबन के विरोध में छत्तीसगढ़ पंजीयन एवं मुद्रांक अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ ने सामूहिक अवकाश की घोषणा की है। इसलिए आज याने 16 दिसंबर को पूरे प्रदेश सहित महासमुंद जिले में किसी भी भूमि की रजिस्ट्री (पंजीयन) नही होगी।

### क्या है पूरा मामला?

आदिवासी की जमीन को गैर आदिवासी के नाम पर रजिस्ट्री करने के मामले में बिलासपुर कमिश्नर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 दिसंबर को उप पंजीयक प्रतीक खेमुका को निलंबित कर दिया। बता दें कि सक्ति में अपने कार्यकाल के दौरान उप पंजीयक ने सक्ती के ग्राम कंचनपुर में एक आदिवासी की 12 डिसमिल जमीन को बिना कलेक्टर की अनुमति के गैर आदिवासी के नाम पर पंजीयन किए जाने के बाद शिकायत हुई। जिसके बाद बिलासपुर कमिश्नर ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966-9 (1) के तहत इस मामले में कार्रवाई की है। निलंबन के बाद प्रतीक खेमुका पर आगे की जांच की प्रक्रिया जारी है।